# University in News on 27 April 2020

## NBT Page 4

# एलयू बनाएगा मोबाइल ऐप

■ **एनबीटी,लखनऊः** लखनऊ यूनिवर्सिटी जल्द ही स्टूडेंट्स के लिए मोबाइल ऐप बनाने जा रहा है। इस पर स्टूडेंट्स को विश्वविद्यालय से जुड़े हर नोटिफिकेशन मिलेंगे। एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि स्टूडेंट्स को विवि से जुड़ी सारी सूचना वेबसाइट पर मिल जाती है, लेकिन कई स्टूडेंट्स मोबाइल पर ही इंटरनेट एक्सेस करते हैं। ऐसे में वेबसाइट का यूज सुविधाजनक नहीं होता, इसलिए मोबाइल ऐप बनाने के लिए विचार किया है।

## PIONEER Page 5

# शताब्दी वर्ष में एलयू जारी करेगा अपना मोबाइल एप



लखनऊ। शताब्दी वर्ष में लखनऊ विश्वविद्यालय स्टूडेंट्स की सहूलियत के लिए अपना एप लॉच करने की तैयारी में है। इस मोबाइल एप पर एलयू से जुड़ी सभी जानकारियों के साथ ही हर काम को ऑनलाइन पूरा करने की सुविधा दी जाएगी। इस एप के जारी होने के बाद अब एलयू व सम्बद्ध डिग्री कॉलेजों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को किसी भी काम के लिए यूनिवर्सिटी के चक्कर नहीं काटने होंगे। वह आसानी से अपने मोबाइल के माध्यम से ही अपने सभी काम घर बैठे ही पूरा कर सकेंगे। एलयू वीसी प्रोफ् आलोक कुमार राय ने बताया कि इस मोबाइल एप पर स्टूडेंट्स फ्रेंड्ली बनाया जाएगा। इसमें स्टूडेंट्स को यूनिवर्सिटी से जुड़ी सभी जानकारियों के साथ दूसरी सुविधाएं भी प्रदान की जाएगी। इसके तहत स्टूडेंट्स को अपना एग्जाम फॉर्म भरने, सेमेस्टर कोर्स में एडमिशन कराने के लिए काउंसिलिंग करानेए ऑनलाइन मार्कशीट, डिग्री और माईग्रेशन आदि निकलवाने की सुविधा दी जाएगी। स्टूडेंट्स इस एप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करेंगे। इसके बाद उनको उनके कामों की ऑनलाइन डिटेल मिलती रहेगी उनका काम कहा तक हुआ। इसके अलावा स्टूडेंट्स एप के माध्यम से अपना एग्जाम फॉर्म तक भर सकेंगे और साथ ही इसी एप के माध्यम से अपनी फीस भी जमा कर सकेंगे।